समाचार विज्ञप्ति

कार्ड के आकार का नया COVID-19 टीकाकरण रिकॉर्ड

14 सितंबर 2021

एल्बर्टावासी जल्द ही MyHealth Records से कार्ड के आकार के नए सुविधाजनक प्रिंटआउट पर अपने टीकाकरण का प्रमाण प्राप्त कर सकते हैं।

16 सितंबर से एल्बर्टावासी अपने COVID-19 टीकाकरण के प्रमाण की एक प्रति कार्ड के आकार में प्रिंट करने अथवा इसे अपने फोन या टैबलेट पर दिखाने में सक्षम हो जाएँगे।

क्यूआर कोड के ज़रिए टीकाकरण का प्रमाण उपलब्ध कराने पर भी काम चल रहा है। क्यूआर कोड प्रतिरक्षण रिकॉर्ड को आवश्यकतानुसार साझा करने का एक आसान, तेज तथा और अधिक सुरक्षित तरीका होगा। आने वाले सप्ताहों में क्यूआर कोड के उपलब्ध हो जाने की उम्मीद है।

यह सलाह दी जाती है कि एल्बर्टावासी आगे की योजना बनाएँ और अपने फोन पर टीकाकरण कार्ड के प्रमाण को सेव कर लें या अनिवार्य तिथि से पहले इसे प्रिंट कर लें। प्रमुख आयोजनों और लंबे सप्ताहाँतों से पहले MyHealth Records वेबसाइट का अत्यधिक प्रयोग किए जाने का अनुभव हो सकता है।

समर्थन की आवश्यकता वाले एल्बर्टावासी 1-844-401-4016 पर MyHealth Records समर्थन लाइन से सोमवार से शुक्रवार, सुबह के 7 बजे से लेकर शाम के 7 बजे तक और सप्ताहाँतों में सुबह के 9 बजे से लेकर शाम के 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। प्रतिरक्षण रिकॉर्ड प्राप्त करने के बारे में आम प्रश्नों के उत्तर वेबसाइट alberta.ca पर टीकाकरण के प्रमाण के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न वेबपेज पर उपलब्ध हैं।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

त्वरित तथ्य

- MyHealth Records इंटरनेट ब्राउज़र के माध्यम से या फोन या टैबलेट पर डाउनलोड की गई ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सुलभ है।
- MyHealth Records का उपयोग करने के इच्छुक एल्बर्टावासियों के पास पहले MyAlberta Digital ID होना चाहिए। एल्बर्टा ड्राइवर्स लाइसेंस या पहचान कार्ड का उपयोग करके वेबसाइट account.alberta.ca पर MyAlberta Digital ID खाता बनाया जा सकता है।
- एल्बर्टावासियों को वेबसाइट alberta.ca/mhr पर MyHealth Records खाता बनाने के लिए अपने व्यक्तिगत हेल्थ केयर नंबर का उपयोग करना चाहिए।
- 14 और इससे अधिक आयु के एल्बर्टावासियों के लिए दिसंबर 2020 के बाद से COVID-19 प्रतिरक्षण रिकॉर्ड उपलब्ध कराया गया है।
- 110,000 से भी अधिक एल्बर्टावासियों ने पिछले तीन सप्ताहों में अपना MyHealth Records खाता बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या लगभग 910,000 हो गई है।

- COVID-19 का टीका लगाए जाते समय सभी एल्बर्टावासियों को कागज पर अपना प्रतिरक्षण रिकॉर्ड मिलना चाहिए।
- टीकाकरण का प्रमाण ऑनलाइन सुलभ होने के अलावा एल्बर्टावासी इन माध्यमों से भी टीकाकरण का प्रमाण प्राप्त करने की कोशिश कर सकते हैं:
    - जहाँ आपको टीका प्राप्त हुआ था, उस फार्मेसी या चिकित्सक कार्यालय से संपर्क करें या 811 पर फोन करें।
    - इसमें 14 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों के लिए भी टीकाकरण का प्रमाण प्राप्त करना शामिल है, जो MyHealth Records के माध्यम से अपना रिकॉर्ड प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

- एल्बर्टावासी MyHealth Records समर्थन लाइन से 1-844-401-4016 पर या myhealthrecords@gov.ab.ca पर ईमेल भेजकर संपर्क कर सकते हैं।
- MyAlberta Digital ID के साथ सहायता के लिए एल्बर्टावासी 1-844-643-2789 पर समर्थन लाइन से या myalbertaid@gov.ab.ca पर ईमेल भेजकर संपर्क कर सकतेहैं।



COVID-19 Immunization Record

First Name: Jane
Last Name: Alberta
Birthdate: March 15, 1990
Gender: Female

The information in this report is provided as of September 07, 2021 06:29 PM.

Date Administered	Vaccine Name	Description	Source
July 15, 2021	COVID-19 BNT162b2 - mRNA	Pfizer/BioNTech	Government of Alberta - Provincial Immunization Repository
May 01, 2021	COVID-19 BNT162b2 - mRNA	Pfizer/BioNTech	Government of Alberta - Provincial Immunization Repository

MyHealth Records is a service from Alberta Health

All information contained in this report is privileged and confidential information intended for use by authorized individuals only.

Page 1 of 1

प्रिंटेबल कार्ड के रूप में टीकाकरण का नया प्रमाण।



MyHealth Records के उपयोगकर्ताओं में वृद्धि।

संबंधित जानकारी

- COVID-19 टीके और रिकॉर्ड
- टीकाकरण के प्रमाण के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
- अपना COVID-19 प्रतिरक्षण रिकॉर्ड प्राप्त करना: MyHealth Records सूचना पत्रक (पीडीएफ)
- MyHealth Records

मल्टीमीडिया

- वीडियो प्लेलिस्ट
- पोस्टर (पीडीएफ)

मीडिया पूछताछ

स्टीव ब्युइक
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएः https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।